पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

ओवरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन का सीहोर रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव

जबलपुर। यात्रियों की सुविधा हेतु रेल मंत्रालय द्वारा पश्चिम मध्य रेल से संचालित गाड़ी संख्या 22191/22192 इंदौर-जबलपुर-इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस रेलसेवा का सीहोर रेलवे स्टेशन पर 02 जुलाई 2026 से प्रायोगिक ठहराव दिया गया है। इस ठहराव कि विस्तृत जानकारी निम्नलिखित है:-

इंदौर-जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस के सीहोर स्टेशन पर ठहराव की समय सारिणी :-

गाड़ी संख्या 22191 इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस प्रतिदिन दिनांक 02.07.2026 से सीहोर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय **रात 22:26/22:28 बजे** रहेगा।

गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर-इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस प्रतिदिन दिनांक 02.07.2026 से सीहोर रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय **सुबह 06:08/06:10 बजे** रहेगा।

इस ट्रेन के बाकी स्टेशनों पर ठहराव की समय-सारणी यथावत रहेगी।

यात्रीगण रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद एवं रेलवे स्टेशनों से गाड़ी के ठहराव की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/110/प्रेस विज्ञप्ति/214/2026-27 दिनांक 02.07.2026

सम्माननीय संपादक,
कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदानकरें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर